भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या *10
उत्तर देने की तारीख 04.12.2023

मध्य प्रदेश में विज्ञान संग्रहालयों की स्थापना

***10. श्री विष्णु दत्त शर्मा :**

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार की राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद के माध्यम से देशभर में विज्ञान संग्रहालयों की स्थापना करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार की मध्य प्रदेश के छतरपुर, कटनी और पन्ना जिलों में विद्यार्थियों के लिए विज्ञान संग्रहालय स्थापित करने की कोई योजना है;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

संस्कृति, पर्यटन एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री
(जी. किशन रेड्डी)

(क) से (घ) : विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

'मध्य प्रदेश में विज्ञान संग्रहालयों की स्थापना' के संबंध में दिनांक 4 दिसम्बर, 2023 को श्री विष्णु दत्त शर्मा द्वारा पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *10 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क): जी, हां। संस्कृति मंत्रालय द्वारा 'विज्ञान की संस्कृति के संवर्धन हेतु स्कीम (एसपीओसीएस)' के अंतर्गत पूरे देश में नए विज्ञान केन्द्र/संग्रहालय विकसित किए जा रहे हैं। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत स्वायत्त संगठन, राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (एनसीएसएम) एसपीओसीएस स्कीम के अंतर्गत विज्ञान केन्द्र/शहर/संग्रहालय/नवाचार केन्द्र विकसित करने के लिए कार्यान्वयन एजेंसी है।

एसपीओसीएस स्कीम के अंतर्गत नए विज्ञान शहर/विज्ञान केन्द्र स्थापित करने और इन विज्ञान शहरों/विज्ञान केन्द्रों पर खर्च की जाने वाली निधियों की अनुमानित राशि और इन्हें खोले जाने के संभावित समय से संबंधित विवरण **अनुलग्नक-I** पर दिया गया है। संस्कृति मंत्रालय द्वारा हाल ही में अनुमोदित विज्ञान केन्द्र/डिजिटल तारामंडल स्थापित करने के लिए नई परियोजनाओं का विवरण **अनुलग्नक-II** पर दिया गया है।

(ख) से (घ): जी, नहीं। मध्य प्रदेश के छतरपुर, कटनी और पन्ना जिलों में विज्ञान संग्रहालय/केन्द्र स्थापित करने हेतु राज्य सरकार से कोई भी प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। तथापि, मध्य प्रदेश राज्य में संस्कृति मंत्रालय की 'विज्ञान की संस्कृति के संवर्धन हेतु स्कीम (एसपीओसीएस)' के अंतर्गत निम्नलिखित नए विज्ञान केन्द्र स्थापित करने का अनुमोदन प्रदान किया गया है:-

क्र. सं.	**नए विज्ञान केन्द्र**	**स्थान**
1.	विज्ञान केन्द्र (श्रेणी-II), उज्जैन	मध्य प्रदेश
2.	विज्ञान केन्द्र (श्रेणी-II), जबलपुर	मध्य प्रदेश

***

अनुलग्नक-I

'मध्य प्रदेश में विज्ञान संग्रहालयों की स्थापना' के संबंध में दिनांक 4 दिसम्बर, 2023 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *10 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

भारत सरकार की 'विज्ञान की संस्कृति के संवर्धन हेतु स्कीम (एसपीओसीएस)' के अंतर्गत एनसीएसएम द्वारा आरंभ की जा चुकी नई विज्ञान केन्द्र परियोजनाएं

क्र. सं.	भारत सरकार की एसपीओसीएस के अंतर्गत एनसीएसएम द्वारा आरंभ की गई नई विज्ञान केन्द्र परियोजनाएं	निम्नलिखित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में अवस्थित है	परियोजना के उद्घाटन की स्थिति/ पूरा होने की संभावित तारीख
01	क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र, कोट्टायम	केरल	इसे 11.05.2022 को केरल सरकार को सौंप दिया गया है और यह केन्द्र उद्घाटन के लिए तैयार है
02	विज्ञान केन्द्र, राजमुंद्री	आंध्र प्रदेश	उद्घाटन के लिए तैयार है
03	उप-क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र, अल्मोड़ा	उत्तराखंड	31.12.2023
04	उप-क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र, उदयपुर	राजस्थान	31.03.2024
05	उप-क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र, कोकराझाड़	असम	31.03.2024
06	विज्ञान केन्द्र, उज्जैन	मध्य प्रदेश	अक्तूबर, 2025
07	विज्ञान केन्द्र, श्रीनगर	जम्मू और कश्मीर	फरवरी, 2026
08	विज्ञान केन्द्र, बीकानेर	राजस्थान	जून, 2026
09	विज्ञान शहर, गुवाहाटी	असम	वर्ष 2025-2026

10	विज्ञान केन्द्र, अम्बाला	हरियाणा	फिलहाल निर्माण कार्य राज्य सरकार द्वारा रोक दिया गया है
11	विज्ञान शहर, देहरादून	उत्तराखंड	आशय पत्र जारी होने की तारीख से 60 माह
12	विज्ञान केन्द्र, जबलपुर	मध्य प्रदेश	अक्तूबर, 2026
13	विज्ञान केन्द्र, अजमेर	राजस्थान	आशय पत्र जारी होने की तारीख से 36 माह
14	विज्ञान केन्द्र, कोटा	राजस्थान	-वही-
15	विज्ञान केन्द्र, शिवमोगा	कर्नाटक	-वही-

अनुलग्नक-II

'मध्य प्रदेश में विज्ञान संग्रहालयों की स्थापना' के संबंध में दिनांक 4 दिसम्बर, 2023 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *10 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

भारत सरकार की विज्ञान की संस्कृति के संवर्धन हेतु स्कीम (एसपीओसीएस) के अंतर्गत संस्कृति मंत्रालय द्वारा हाल ही में अनुमोदित नई परियोजनाएं

क्र. सं.	नई परियोजनाओं के नाम	निम्नलिखित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में अवस्थित हैं
1.	विज्ञान केन्द्र, हैदराबाद	तेलंगाना
2.	विज्ञान केन्द्र, चंडीगढ़	चंडीगढ़
3.	विज्ञान केन्द्र,	कर्नाटक
4.	विज्ञान केन्द्र, यदगिरि	कर्नाटक
5.	विज्ञान केन्द्र, रायचूर	कर्नाटक
6.	विज्ञान केन्द्र, दिरांग	अरुणाचल प्रदेश
7.	विज्ञान केन्द्र, नमसाई	अरुणाचल प्रदेश
8.	डिजिटल तारामंडल, चंडीगढ़	चंडीगढ़
9.	डिजिटल डोम तारामंडल, चिक्कमगलुरू	कर्नाटक
10.	डिजिटल तारामंडल, जोधपुर	राजस्थान
11.	डिजिटल तारामंडल, उदयपुर	राजस्थान
12.	डिजिटल डोम तारामंडल, दिरांग	अरुणाचल प्रदेश
13.	डिजिटल डोम तारामंडल, नमसाई	अरुणाचल प्रदेश
14.	विज्ञान शहर, अगरतला#	त्रिपुरा
# विषयपरक गैलरियों और तारामंडल के विकास हेतु वित्तीय सहायता।		

*****